वारदात | परिजनों ने दमोह-जबलपुर मार्ग किया जाम, आरोपी नाबालिग पुत्र गिरफ्तार, पिता फरार

# 30 रुपये के विवाद पर युवक की हत्या



**नवभारत, तेंदूखेड़ा 24 जून।** कभी-कभी छोटे-छोटे विवाद इतना बड़ा रूप ले लेते हैं कि कोई इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता. ऐसा ही एक मामला मंगलवार रात तेंदूखेड़ा नगर में सामने आया. जहां महज तीस रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक की जान चली गई.

घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और परिजनों व समाज के लोगों ने दमोह-जबलपुर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया. सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी, तेजगढ़ व तारादेही पुलिस, एसडीएम गोस्वामी और तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास मौके पर पहुंचे.

### यह है पूरा मामला

सूत्रों के अनुसार, घटना का कारण हाथ ठेले के किराये के 50 रुपये थे. मृतक का हाथ ठेला आरोपी ने साप्ताहिक बाजार के दिन किराये पर लिया था. मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे युवक अपना किराया लेने पहुंचा. आरोपी ने तत्काल 20 रुपये दिए और शेष 30 रुपये बाद में देने की बात कही. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया.

### हाथ ठेला मालिक पर किया चाकू से हमला

देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने हाथ ठेला मालिक युवक पर चाकू से हमला कर दिया. चाकू सीधे युवक के सीने में लगा,घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया.मौजूद लोग घायल युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### इसलिए लगाया जाम

घटना के बाद आरोपी के फरार होने से परिजनों और अहिरवाल समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया. लोगों ने आरोपियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. इसके बाद परिजन और समाज के लोग दमोह- जबलपुर मार्ग पर बैठ गए और आरोपियों की गिरफ्तारी तथा नामजद मामला दर्ज करने की मांग करने लगे.

### रात ग्यारह बजे तक लोग सड़क पर डटे रहे

रात करीब आठ बजे से लेकर ग्यारह बजे तक लोग सड़क पर डटे रहे.इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ.

### पुलिस व्यवस्था पर उठे सवाल

साप्ताहिक बाजार में मुख्य बस स्टैंड के बीचों-बीच हुई इस घटना के बाद नगर में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं. कई लोगों ने पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल उठाए.तेंदूखेड़ा एसडीओपी भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया. घटना को लेकर तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया कि नाबालिग लडके को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पिता फरार है।

### निष्पक्ष कार्रवाई का दिया आश्वासन

अधिकारियों ने परिजनों से चर्चा कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ. इसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर बुधवार को शव का पंचनामा तैयार कराया और पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया.साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है.



## 35 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 8,77,500 रुपये कीमत का 35 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। मामले में उड़ीसा निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध ऑपरेशन क्लीन चलाने के आदेश दिए गए हैं। सीएसपी एचआर पांडे और थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में 23-24 जून की रात्रि में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर सीताबाबली मरपटा के पास विद्युत मंडल सब स्टेशन के सामने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी मिथुन नाग, लालू हरिपाल, प्रशांत नाग के कब्जे से 35 किलो 100 ग्राम गांजा विधिवत जब्त किया.

# मुख्यमंत्री और परिजनों पर लगे आरोप तथ्यहीन

राज्यमंत्री लखन पटेल ने मीडिया को वस्तुस्थिति की जानकारी दी



**नवभारत,दमोह 24 जून।** मप्र सरकार में पशुपालन और डेयरी उद्योग राज्यमंत्री लखन पटेल ने दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की उपस्थिति में प्रेस-कांफ्रेंस के माध्यम से मीडिया को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके परिवार पर लगे आरोपों के विषय में वस्तुस्थिति से अवगत कराया.

राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि 23 जून को कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रेस-कांफ्रेंस की जो हमारे पिछड़ा वर्ग से आने वाले मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के उद्देश्य से किया गया. मैं आपके माध्यम से आम जनता को बताना चाहता हूं कि डॉ. मोहन यादव ने 2023 में जब अपना नामांकन दर्ज किया। उस समय उन्होंने लगभग 17.967 एकड़ भूमि थी वंही भूमि उनके पास आजतक उनके पास है। इसमें कोई बढोत्तरी नही हुई.

### राजनीति में व्यापार से कोई बुराई नहीं

मुख्यमंत्री की पत्नी के नाम जो जमीन है वह भी यथावत है, आरोप लगाने वाले लोग परिवार की परिभाषा भी नहीं समझते हैं. उनकी बेटी के नाम जो जमीन खरीदी गई वहां पर डेवलपमेंट या मास्टरप्लान जैसी कोई स्थिति नहीं। वर्ष 2023 से इससे पहले इनके परिवार के लोग यह व्यापार करते हैं, मुझे लगता है राजनीति में व्यापार से कोई बुराई नहीं है. 1998 से लगातार यह कार्य उनके परिवार में चल रहा है.

### मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का प्रयास

इनके परिवार की जो कम्पनी है, उससे मुख्यमंत्री 2017 में संचालक पद से इस्तीफा दे चुके हैं. और अभी कुछ समय पूर्व टोटल अलग हो चुके हैं.राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे है उनमें कोई सच्चाई नहीं है.यह जो पूरा घटनाक्रम चल रहा है सिर्फ मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिए चल रहा है.

एक नजर में

## मुहर्रम पर शांति बनाए रखने किया गया फ्लैग मार्च



**नवभारत,हटा।** मुहर्रम पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से दमोह एसपी आनंद कलादगि (आईपीएस) ने हटा नगर में फ्लैग मार्च निकाला. इस दौरान उन्होंने आमजन से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की.फ्लैग मार्च में हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी, टीआई सुधीर बेगी, पटेरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर,गैसाबाद थाना प्रभारी सौरभ शर्मा,रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन,रजपुरा थाना प्रभारी सिलाश विनीत सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा.




## कॉम्बिंग गश्त के दौरान 65 वारंटियों पर कार्यवाही

**नवभारत,दमोह.** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगीके निर्देशन में 22-23 जून प्रात: तक संपूर्ण जिले के समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सघन कॉम्बिंग गश्त और चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान फरार वारंटियों, निगरानी व गुंडा बदमाशों, आदतन अपराधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई.पुलिस टीमों द्वारा उनके निवास स्थलों व संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई. साथ ही सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई, जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके. इस दौरान 65 वारंटियों पर कार्यवाही की गई।

## जिला अधिवक्ता संघ की निर्वाचन प्रक्रिया शुरू

**नवभारत,दमोह।** मंगलवार से जिला अधिवक्ता संघ दमोह की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई.10 जुलाई को अध्यक्ष पद के साथ उपाध्यक्ष सचिव, सहसचिव, पुस्तकालय प्रभारी, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न होंगे. निर्वाचन अधिकारी चरणजीत वाद्यवा ने बताया कि इस निर्वाचन में कुल 585 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून है, मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है।

## प्रमोद बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष



**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा घोषित नई नियुक्तियों के तहत पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर प्रमोद विश्वकर्मा की नियुक्ति की गई है। यह घोषणा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार द्वारा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की अनुशंसा पर की गई।प्रमोद विश्वकर्मा की नियुक्ति से जिले के ओबीसी समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रमोद विश्वकर्मा का माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# 15 अगस्त से शुरू होंगे विशेष कोचिंग सेंटर : विजय शाह

सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत, सिग्रामपुर 24 जून।** बुधवार को जिले के ग्राम सिग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के प्रतिमा स्थल पर केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके प्रदेश के आदिमजाति कल्याण व भोपाल गैस त्रासदी राहत मंत्री कुंवर विजय शाह, संस्कृति, पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटैल ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी.

इस अवसर पर विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधा रोपण किया. तदोपरांत भगवान विरसा मुंडा व वीरांगना रानी दुर्गावती की चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया.

### रानी दुर्गावती का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत : उईके

अपने उद्बोधन में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती का जीवन और बलिदान आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है.इतिहास में पहली बार महिलाओं के संगठन और सैन्य भागीदारी को प्रभावी स्वरूप देने का कार्य महारानी रानी दुर्गावती ने किया था. उन्होंने महिलाओं को युद्ध कौशल का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए भी सक्षम बनाया.

### प्रदेश सरकार कर रही महत्वपूर्ण पहल

प्रदेश के आदिम जाति कल्याण व भोपाल गैस त्रासदी राहत कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि आदिवासी प्रतिभाशाली युवाओं को उच्च प्रशासनिक व न्यायिक सेवाओं में अवसर दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जबलपुर में विशेष आवासीय प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से जबलपुर में आईएएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कोचिंग सेंटर शुरू किए जाएंगे.

### वीरता की गाथा जन-जन को प्रेरित करती है : सिंह

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि रानी दुर्गावती ने उस दौर में मुगल आक्रांताओं का साहसपूर्वक सामना किया, जब वे देश में अपने साम्राज्य का विस्तार कर रहे थे. उन्होंने रणभूमि में अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया और अंतिम क्षण तक शत्रुओं के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया.उनकी वीरता की गाथा आज भी जन-जन को प्रेरित करती है.

### मंत्रिमंडल की बैठक सिंगौरगढ़ में आयोजित की गई थी : पटेल

प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 24 जून 2024 को मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक सिंगौरगढ़ क्षेत्र में आयोजित की गई थी.मंत्रिमंडल के सदस्य ऐतिहासिक सिंगौरगढ़ किले का भी अवलोकन करने पहुंचे थे. उन्होंने कहा अनेक लोगों ने पहली बार इस ऐतिहासिक किले को देखा

# सैफ क्लीक 2 .0 अभियान का जिले में आगाज

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन जागरूकता हेतु पहल



**नवभारत,दमोह 24 जून।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा राज्य स्तरीय साइबर अपराधों की रोकथाम व जनजागरूकता अभियान संपूर्ण मध्यप्रदेश में 24 जून से 08 जून 2026 तक साइबर जागरूकता अभियान सैफ क्लीक 2.0 चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं.

इस अभियान का उद्देश्य जनता को इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए जागरूक करना तथा साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देकर साइबर स्वच्छता (सायबर हाइजिन) को बढ़ावा देना है. इस वर्ष सैफ क्लीक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला/अनुभाग व थाना स्तर पर सैफ क्लीक 2.0 के संबंध में साइबर संबंधी गतिविधियां कराई जाना है.

### जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

24 जून 2026 को आनंद कलादगी पुलिस अधीक्षक व सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह से साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर साइबर जागरूकता अभियान सैफ क्लीक 2.0 का शुभारंभ किया गया है व उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को साइबर अपराध की रोकथाम के लिये शपथ दिलाई गई.

## सिकल सेल एनीमिया की नि :शुल्क जांच की गई

**नवभारत,दमोह।** वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर ग्राम सिंग्रामपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में लगाए गए विशेष स्वास्थ्य शिविर में सिकल सेल एनीमिया व टी.बी. की नि:शुल्क जांच एवं जागरूकता गतिविधि आयोजित की गयी। इस दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय व सीबीएमओ जबेरा विशेष रूप से मौजूद रहे।इस विशेष शिविर में जिला चिकित्सालय से पहुँचे एक स्वास्थ दल ने 30 लोगों की सिकल सेल एनीमिया संबंधी जांच की गई वहीं प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण में टी.बी. की आशंका वाले 15 लोगों का एक्स-रे किया गया, जिसमें 2 पॉजीटिव टीबी मरीज की पुष्टि हुई। शिविर दौरान सिकल सेल एनीमिया एवं टी.बी. रोग के लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के बताएं उपाय




साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2 .0 की शुरुआत

**नवभारत, पथरिया 24 जून।** साइबर अपराधों, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए 15 दिन का साइबर जागरूकता अभियान पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को साइबर सुरक्षा, फिशिंग, वायरस हमलों तथा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी गई कार्यक्रम में एसडीओपी प्रिया सिंधी पथरिया थाना प्रभारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करें तथा साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। अभियान का उद्देश्य आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना और बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना था।

दुर्घटना | तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के नरगवां टेक पर हादसा

# मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में 2 की मौत, 3 घायल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 24 जून।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के नरगवां टेक के पास वुधवार सुबह के लगभग दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई.हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है.पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

### ऐसे हुई घटना

आंसू बेन अपने पिता के साथ बड़े भाई की शादी का न्यौता देने सहजपुर गये थे। 28 जून को बड़े भाई की शादी थी. जब वहां से लौट रहे थे तो दूसरी तरफ से राजू अहिरवाल अपनी पत्नी और दो वर्षीय बच्चे के साथ मागदुपूरा से वापस अपने घर लौट रहे थे। दोनों मोटरसाईकिल तेज रफ्तार में थी। नरगवां की टेक पर दोनों की भिड़ंत हो गई.

### दो वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल

घटना में राजू अहिरवाल और आसू बेन की मौत हो गई, जबकि राजू की पत्नी आशा अहिरवाल और दो वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया. आसू की मोटरसाईकिल पर बैठे पिता को भी चोट आई है।

### बच्चे को जबलपुर रेफर किया गया

घटना की जानकारी लगते ही तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर, तेंदूखेड़ा टीआई आरआर बागरी स्वस्थ केंद्र पहुंचे। घटना में दो वर्षीय बच्चा बुरी तरह जल गया था. एस डी ओ पी अर्चना अहीर ने उसका स्वस्थ की जानकारी ली. डाक्टरों से उपचार सबंधी बात कही डाक्टरों ने बच्चे को जबलपुर रेफर करने की बात कही।



### दो सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

अन्य दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने है। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र रावत को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, लक्ष्मण लोधी को गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह.** पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा जिला दमोह की बैठक स्वामी अशोक तिवारी, अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा एवं अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन दमोह के आवाहन पर संयुक्त मोर्चा के संरक्षक व प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन केसी जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष संयुक्त मोर्चा द्वारा किया गया। बैठक में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स ऐसोसिएशन जिला दमोह के प्रांतीय आवाहन पर 30 जून को दिए जाने वाले ज्ञापन के समर्थन व सहभागिता के संबंध में विचार किया गया। सभी उपस्थित पेंशनर संघों ने एक मत से उनके ज्ञापन कार्यक्रम में न्यू कलेक्ट्रेट दुर्गावती भवन में अधिक से अधिक संख्या में दोपहर 12:30 पर सभी संघों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर सहभागिता एवं समर्थन का निर्णय लिया गया।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला दमोह (म.प्र.)

क्रमांक - पुअ /दमोह/ र.नि./ एम.टी./416/2026 — दिनांक :- 24/06/2026

**// अति अल्पकालीन निविदा सूचना //**

शासकीय कार्य हेतु व्यवसायिक परमिट युक्त 03 बोलेरो / समकक्ष वाहनों को मासिक किराये एवं कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु दैनिक किराये पर लगाने के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | वाहन का विवरण | संख्या | अनुबंध की अवधि | अमानत राशि (EMD) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | बोलेरो / समकक्ष (03 वर्ष से अधिक पुराना न हो) | 03 | 01 वर्ष या पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश तक | 5000/- रू. (प्रति वाहन) |

1. फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 01.07.2026 के अपराह्न 04.00 बजे तक, वाहन शाखा (रक्षित केन्द्र) दमोह।
2. निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 02.07.2026 के प्रात: 11.00 बजे
3. मुख्य शर्तें :- यह अनुबंध 01 वर्ष की अवधि अथवा पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त अगले अधिग्रहण आदेश तक (जो भी पहले हो) के लिए मान्य होगा। वाहन के उपयोग की अवधि का अंतिम निर्णय इकाई प्रमुख (पुलिस अधीक्षक) द्वारा किया जाएगा।
4. निविदा के साथ 5000 /- रू. की FDR/DD (पक्ष में पुलिस अधीक्षक दमोह) अनिवार्य है। वाहन का न्यूनतम माइलेज 12 कि.मी. प्रति लीटर एवं कामर्शियल टैक्स पैड होना आवश्यक है।
5. विस्तृत नियम व शर्तें वेबसाइट https://www.mppolice.gov.in एवं कार्यालयीन समय में वाहन शाखा दमोह में देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला दमोह (म.प्र.)